बिहाली डिस्पेंसरी में रोज 40 का इलाज

निजी संवाददाता, सैंज

पार्वती परियोजना में मुख्य निर्माता कंपनी गैमन इंडिया ने हाइड्रो प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य के साथ-साथ सैंज घाटी के लोगों के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में भी विशेष पहचान बनाई है। गैमन कंपनी की बिहाली स्थित डिस्पेंसरी में रोजाना मरीजों की भीड़ जमा रहती है तथा महीने में 300 से 330 तक मरीज अपना इलाज करवाते हैं। औषधालय में तैनात चिकित्सक विशेषज्ञ डा. गोहर हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी की इस डिस्पेंसरी में केवल कार्यरत कर्मचारी ही नहीं, बल्कि घाटी 15 पंचायतों के अलावा मंडी जिला के लोग भी अपना इलाज करवाने आते हैं तथा रोजाना 30 से 40 लोग अपना पंजीकरण करवाते हैं। उन्होंने बताया कि दूरदराज के क्षेत्रों के लोगों को मनवांछित सुविधा मिल रही है, जिस कारण लोग गैमन कंपनी के औषधालय में भरपूर लाभ उठा रहे हैं। प्रेस क्लब के सदस्यों ने जब कंपनी की डिस्पेंसरी का जायजा लिया, तो देखा कि गैमन कंपनी स्वास्थ्य के प्रति गंभीर है। कंपनी के महाप्रबंधक वीएम जोगलेकर के अथक प्रयासों से गैमन की डिस्पेंसरी जनसेवा का केंद्र बनी है। इस बारे में गैमन इंडिया के महाप्रबंधक जोगलेकर का कहना है कि स्वास्थ्य ही मनुष्य की प्रगति, शक्ति और उन्नति का स्रोत है। स्वास्थ्य के सुरक्षा चक्र को और मजबूत रखने की दिशा में गैमन कंपनी सदैव तत्पर है।



संदीप

भुंतर : गैमन इंडिया के सौजन्य से चलाई जा रही डिस्पेंसरी में मरीजों की जांच करते डाक्टर